1. 1938 में किसकी अध्यक्षता में राष्ट्रीय योजना समिति की स्थापना की गई थी?

(A) सुभाष चन्द्र बोस

(B) जवाहरलाल नेहरू

(C) डॉ० राजेंद्र प्रसाद

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

2. *महात्मा गाँधी ऐंड बिहार : सम रेमिनिसेन्सेस* पुस्तक के लेखक कौन थे?

(A) डॉ० राजेंद्र प्रसाद

(B) जीवतराम भगवानदास कृपलानी

(C) सैयद अली जहीर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

3. किस आन्दोलन के प्रभाव में आकर, बिहार के लोगों ने 'चौकीदारी कर' देने से इंकार कर दिया था?

(A) सविनय अवज्ञा आन्दोलन

(B) भारत छोड़ो आन्दोलन

(C) असहयोग आन्दोलन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

4. वह महिला स्वतंत्रता सेनानी कौन थी, जो स्वतंत्रता आन्दोलन की 'वयोवृद्ध महिला' के रूप में विख्यात थी?

(A) गुलाब कौर

(B) बिश्नी देवी शाह

(C) अरुणा आसफ अली

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

5. किस स्थान पर बी० जी० तिलक ने 'होम रूल लीग' की स्थापना 1916 में की थी?

(A) बम्बई

(B) नागपुर

(C) पूना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

6. *हुंकार* हिंदी साप्ताहिक पत्रिका के प्रकाशन से कौन संबंधित थे?

(A) राहुल सांकृत्यायन

(B) सहजानंद सरस्वती

(C) यमुना कारजी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Scanned with OKEN Scanner

7. किस अंग्रेज सैन्य अधिकारी (जेनरल) ने झाँसी की रानी को यह कहते हुए श्रद्धांजलि दी थी कि "यहाँ वह औरत सोई हुई है, जो विद्रोहियों में एकमात्र मर्द थी"?

(A) कैम्पबेल

(B) हडसन

(C) ह्यूज रोज

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

8. जवाहरलाल नेहरू की अस्थायी सरकार में श्रम मंत्री कौन थे?

(A) सी० राजगोपालाचारी

(B) जगजीवन राम

(C) अरुणा आसफ अली

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

9. 1918 के किस महीने में 'चम्पारण कृषि कानून (चम्पारण एग्रेरियन ऐक्ट)' यूरोपीय नील बागान के स्वामी के विरुद्ध पारित हुआ था?

(A) मई

(B) नवम्बर

(C) फरवरी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

10. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

(A) व्यक्तिगत सत्याग्रह में ब्रह्मदत्त दूसरे सत्याग्रही थे।

(B) सुभाष चन्द्र बोस ने *द इंडियन स्ट्रगल* का लेखन किया था।

(C) *ए बंच ऑफ ओल्ड लेटर्स* का लेखन डॉ० राजेंद्र प्रसाद ने किया था।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

11. बिहार की किस जनजाति ने काँग्रेस के गया अधिवेशन में भाग लिया था?

(A) संथाल

(B) सन्यासी

(C) उराँव

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

12. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?

(A) *यंग इंडिया*—महात्मा गाँधी

(B) *इंडियन स्पेक्टेटर*—सुरेन्द्रनाथ बनर्जी

(C) *ऐडवोकेट ऑफ इंडिया*—दादाभाई नौरोजी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Scanned with OKEN Scanner

**13.** निम्नलिखित आन्दोलनों में से किसका सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा नेतृत्व किया गया और वह सफल रहा था?

(A) कपास मिलों के कर्मचारियों का सत्याग्रह, अहमदाबाद, गुजरात

(B) बरदोली सत्याग्रह, गुजरात

(C) खादी खेतिहरों के समर्थन में सत्याग्रह, गुजरात

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**14.** भारत और 1929 में प्रारम्भ हुई महामंदी के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(A) मंदी ने भारतीय खेतिहरों, किसानों, आयात एवं निर्यात को प्रतिकूलता से प्रभावित किया।

(B) मंदी का भारत पर प्रभाव संकेत करता है कि 20वीं सदी के प्रारम्भ में, विश्व अर्थव्यवस्था कैसे एकीकृत हो गयी थी।

(C) मंदी ने भारतीय व्यापार को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15.** सामाजिक तथा शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के आरक्षण हेतु भारत सरकार के 13 अगस्त, 1990 के आदेश की वैधता निम्नलिखित में से किस वर्ष निर्णीत हुई थी?

(A) 1992

(B) 1993

(C) 1991

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**16.** ऐंगस मेडिसन की पुस्तक, *दि वर्ल्ड इकोनॉमी : हिस्टोरिकल स्टैटिस्टिक्स* के अनुसार, प्राचीन काल में भारत का विश्व जी० डी० पी० (पी० पी० पी०) में कितने प्रतिशत का अंशदान था?

(A) 20%

(B) 12%

(C) 32%

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**17.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (भारत में नारी कल्याण हेतु अधिनियमों के नाम)** | **सूची–II (अधिनियमों से संबंधित वर्ष)** |
|---|---|
| a. विशेष विवाह अधिनियम | 1. 1976 |
| b. दहेज निषेध अधिनियम | 2. 1954 |
| c. समान पारिश्रमिक अधिनियम | 3. 1986 |
| d. नारी अशिष्ट प्रतिनिधित्व (प्रतिषेध) अधिनियम | 4. 1961 |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (B) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (C) | 2 | 4 | 1 | 3 |

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Scanned with OKEN Scanner

514051

18. निम्नलिखित में से कौन-सा बुनियादी मूल्य, सभी नेताओं द्वारा भारत के संविधान पर विचार-विमर्श हेतु संविधान निर्मात्री सभा के मिलने से बहुत पहले ही स्वीकार कर लिया गया था?

(A) स्वतंत्रता और समानता का अधिकार

(B) अल्पसंख्यकों के अधिकारों का संरक्षण

(C) सार्वभौम वयस्क मताधिकार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

19. पुस्तक, *दि ब्यूटिफुल ट्री : इन्डिजेनस इंडियन एजुकेशन इन द एटीन्थ सेन्चुरी* किसने लिखी?

(A) तिलक

(B) गाँधी

(C) धर्मपाल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

20. भारतवर्ष के संविधान की प्रस्तावना में 'बन्धुत्व' निम्नलिखित में से मुख्यतः किसे आश्वासित करता है?

(A) देश की एकता एवं अखंडता

(B) नागरिकों के न्याय, उनकी स्वतंत्रता एवं समानता

(C) व्यक्ति की गरिमा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

21. इनमें से किसने कहा, "भारतीय न्यायपालिका विलासी मुकद्मेबाज़ी से ग्रसित है"?

(A) रंजन गोगोई

(B) एन० वी० रमना

(C) दीपक मिश्रा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

22. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची–I ( नारों के नाम ) | सूची–II ( संबंधित राजनीतिक दल/राजनेता ) |
|---|---|
| a. गरीबी हटाओ | 1. वाम मोर्चा |
| b. लोकतंत्र बचाओ | 2. इंदिरा काँग्रेस |
| c. जोतने वाले को भूमि | 3. जनता दल |
| d. तेलगुओं के स्वाभिमान की रक्षा | 4. एन० टी० रामाराव |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (B) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Scanned with OKEN Scanner

23. निम्नलिखित में से कौन-सा रूसी क्रांति तथा यू० एस० एस० आर० के प्रभाव के तहत निर्मित हुआ था?

(A) पूर्व के लोगों का सम्मेलन (1920)

(B) द कॉमिन्टर्न

(C) ग्रेट ब्रिटेन का साम्यवादी दल (कम्युनिस्ट पार्टी)

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

24. किसने कहा, ''अपनी राष्ट्रीय पहचान की उपेक्षा भारत की समस्याओं का मूलभूत कारण है''?

(A) केशव बलिराम हेडगेवार

(B) माधव सदाशिव गोलवालकर

(C) दीन दयाल उपाध्याय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

25. निम्नलिखित में से असहयोग आन्दोलन में भाग लेने वाले खेतिहरों की प्रमुख माँग कौन-सी थी?

(A) बेगार का उन्मूलन

(B) वन क्षेत्रों में अपने पशुओं को चराने, ईंधन की लकड़ी तथा फल इकट्ठा करने हेतु खेतिहरों का प्रवेश खोलना

(C) राजस्व में कमी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

26. मॉन्टेस्क्यू ने सरकार के अन्तर्गत विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के मध्य शक्तियों का विभाजन निम्नलिखित में से अपनी किस पुस्तक में प्रस्तावित किया था?

(A) *माइ थॉट्स*

(B) *लेटर्स परसेनेज*

(C) *दि स्पिरिट ऑफ दि लॉज*

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

27. निम्नलिखित में से ब्रिटिश शासन के दौरान भारतवर्ष के अन्तर्गत निर्वनीकरण का कौन-सा मुख्य कारण था?

(A) नियोजित वनों की माँग को पूरा करना तथा चाय एवं कॉफी का वृक्षारोपण करना

(B) विस्तारित खेती की माँग को पूरा करने के लिए भूमि को उन्नत करना

(C) रेलवे के मार्गों पर तख्तों (स्लीपर) की माँग को पूरा करना तथा शाही नौसेना के लिए इमारती लकड़ी की आपूर्ति करना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

28. भारत की किस संस्था का आदर्श वाक्य है, ''धर्मो रक्षति रक्षितः (कानून तभी रक्षा करता है, जब उसकी रक्षा की जाती है)''?

(A) भारतीय सेना

(B) भारत का सर्वोच्च न्यायालय

(C) अनुसंधान और विश्लेषण विंग

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Scanned with OKEN Scanner

29. निम्नलिखित में से कौन-सा पारितंत्र का संघटक है?

(A) पादप

(B) सूक्ष्मजीव

(C) जन्तु

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

30. निम्नलिखित में से कौन-सी गैस लैंडफिल से उत्पन्न होती है?

(A) मीथेन

(B) तरल पेट्रोलियम गैस

(C) सल्फर डाइऑक्साइड

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

31. निम्नलिखित में से कौन जंगल में आहार शृंखला का प्रतिनिधित्व करता है?

(A) पादप, मेंढक, साँप

(B) पादप, खरपतवार, मछली

(C) पादप, हिरण, शेर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

32. पर्यावरण में, प्लास्टिक ______ की क्रिया द्वारा विघटित नहीं होगा।

(A) मृतोपजीवी

(B) परजीवी

(C) जीवाणु

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

33. ऊर्जा के स्रोत, जो कार्बन उत्सर्जन में वृद्धि नहीं करते हैं, में शामिल हैं

(A) पवन चक्कियाँ

(B) नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र

(C) सौर सेल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

34. आहार शृंखला में शाखान्वित शृंखला को ______ कहा जाता है।

(A) आहार स्तर

(B) आहार जाल

(C) आहार तंत्र

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

35. हरे पौधे सूर्य के प्रकाश की ऊर्जा का ______ ग्रहण करते हैं और उसे खाद्य ऊर्जा में परिवर्तित करते हैं।

(A) 2%

(B) 1%

(C) 5%

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

36. किसके नेतृत्व में चिपको आन्दोलन को मजबूती मिली?

(A) मेधा पाटकर

(B) सुंदरलाल बहुगुणा

(C) अमृता देवी बिश्नोई

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Scanned with OKEN Scanner

37. _____ आहार शृंखला में प्रथम पोषी स्तर पर मौजूद होते हैं।

(A) प्राथमिक उपभोक्ता

(B) तृतीयक उपभोक्ता

(C) स्वपोषी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

38. निम्नलिखित में से कौन-सा पारिस्थितिक तंत्र में गैसीय जैव भूरासायनिक चक्र नहीं है?

(A) ऑक्सीजन चक्र

(B) नाइट्रोजन चक्र

(C) फॉस्फोरस चक्र

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

39. निम्नलिखित में से कौन-सा जीव, क्लोरोफिल की उपस्थिति में सूर्य के प्रकाश का उपयोग कर अकार्बनिक पदार्थों को कार्बनिक यौगिकों में परिवर्तित करता है?

(A) कुछ जीवाणु

(B) जन्तु

(C) स्वपोषी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

40. निम्नलिखित में से किसके पास उच्च ऊर्जा स्तर और छोटा तरंगदैर्घ्य है?

(A) पराबैंगनी विकिरण

(B) दृश्यमान विकिरण

(C) अवरक्त विकिरण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

41. प्रत्येक पोषी स्तर पर गैर-अपघटनीय रसायनों के लगातार रासायनिक संचय की प्रक्रिया को _____ के रूप में जाना जाता है।

(A) रूपात्मक आवर्धन

(B) तापजनक आवर्धन

(C) जैविक आवर्धन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

42. जनसंख्या की वहन क्षमता किसके द्वारा निर्धारित की जाती है?

(A) जन्म-दर

(B) सीमित संसाधन

(C) जनसंख्या वृद्धि दर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

43. मेथेमोग्लोबिनेमिया, निम्नलिखित में से किससे दूषित पानी पीने के कारण होता है?

(A) कैड्मियम

(B) फॉस्फेट

(C) नाइट्रेट

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

44. पारितंत्र में ऊर्जा का प्रवाह _____ होता है।

(A) एकदिशिक

(B) त्रिदिशिक

(C) बहुदिशिक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Scanned with OKEN Scanner

45. CODE शब्द को 15161991 के रूप में कोडित किया गया है और STEP को 18769122 के रूप में कोडित किया गया है। फिर SPOTE को किस रूप में कोडित किया गया है?

(A) 1822167691

(B) 1816227691

(C) 1822761691

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

46. एक वृत्त का क्षेत्रफल $40\pi^2$ है। वृत्त की त्रिज्या के बराबर भुजाओं वाले वर्ग का क्षेत्रफल है

(A) $4\pi^2$

(B) $40\pi$

(C) $4\pi$

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

47. समूह में से भिन्न शब्द चुनिए :

पुस्तक, काग़ज, पेंसिल, पेन, रबड़

(A) पेंसिल

(B) रबड़

(C) पुस्तक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

48. अंग्रेजी वर्णमाला में, यदि A = 1, D = 2, P = 4 हो, तो निम्नलिखित में से कौन-सा 3 को दर्शाता है?

(A) I

(B) J

(C) H

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

49. दो संख्याएँ 21:10 के अनुपात में हैं। यदि उनका म० स० 11 है, तो संख्याओं का योग है

(A) 141

(B) 241

(C) 341

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

50. एक स्मार्टफोन को $P$ रुपये में बेचने पर 10% का लाभ होता है और स्मार्टफोन को $Q$ रुपये में बेचने पर 4% की हानि होती है। तब $P:Q$ है

(A) 45 : 34

(B) 110 : 96

(C) 55 : 48

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Scanned with OKEN Scanner

51. EDUCATION शब्द के अक्षरों को कितने प्रकार से व्यवस्थित किया जा सकता है ताकि स्वर एक साथ आ जाएँ?

(A) 14400

(B) 12100

(C) 7200

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

52. निम्नलिखित भिन्नों को आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

$$\frac{13}{18}, \frac{29}{36}, \frac{41}{45}, \frac{51}{60}$$

(A) $\frac{13}{18} < \frac{51}{60} < \frac{29}{36} < \frac{41}{45}$


(B) $\frac{51}{60} < \frac{41}{45} < \frac{29}{36} < \frac{13}{18}$

(C) $\frac{13}{18} < \frac{29}{36} < \frac{51}{60} < \frac{41}{45}$

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

53. दिए गए चित्र में कितने वर्ग हैं?



(A) 30

(B) 32

(C) 25

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

54. एक व्यक्ति अंडों को इस प्रकार टोकरी में रखता है कि प्रत्येक क्रमिक दिन पर रखे जाने वाले अंडों की संख्या पहले से टोकरी में मौजूद संख्या के बराबर है। इस प्रकार टोकरी 24 दिन में पूरी भर जाती है। कितने दिनों के बाद टोकरी एक-चौथाई भरी थी?

(A) 12

(B) 22

(C) 6

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Scanned with OKEN Scanner

**55.** दो संख्याओं का योग 480 है। यदि बड़ी संख्या में 2% की कमी की जाती है और छोटी संख्या में 10% की वृद्धि की जाती है, तो प्राप्त संख्याएँ बराबर होती हैं। बड़ी संख्या है, लगभग

(A) $\frac{3300}{13}$

(B) $\frac{3120}{13}$

(C) $\frac{3320}{13}$

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**56.** परिमित अनुक्रम 486, 324, 216, 144, ... में अगली संख्या है

(A) 76

(B) 36

(C) 96

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**57.** निम्नलिखित श्रेणी में '?' के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?

240, 120, ? , 180, 360, 900

(A) 130

(B) 150

(C) 120

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**58.** रिक्त स्थान में कौन-सा पद होगा?

_____ : FICTION :: GRIND : BMDIY

(A) KNHYNTS

(B) IMGXMSR

(C) LOIZOUT

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**59.** प्रयागराज से पटना जाने के 5 मार्ग हैं और 4 मार्ग पटना से कोलकाता जाने के हैं। पटना होते हुए प्रयागराज से कोलकाता जाने के कितने संभव रास्ते हैं?

(A) 20

(B) 54

(C) 45

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**60.** सर्वाधिक उपयुक्त कथन का चयन कीजिए।

(A) कोई वृत्त अतिपरवलय नहीं है।

(B) हर वर्ग आयत है।

(C) हर वृत्त दीर्घवृत्त है।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Scanned with OKEN Scanner

61. किसी क्लब में, सभी सदस्य या तो तम्बोला या रम्मी में भाग लेते हैं। 320 रम्मी में भाग लेते हैं, 350 तम्बोला में भाग लेते हैं और 220 दोनों में भाग लेते हैं। क्लब में कितने सदस्य हैं?

(A) 445

(B) 450

(C) 440

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

62. 2 वर्ष पहले $A$ की आयु (वर्षों में) के व्युत्क्रम और अब से 2 वर्ष बाद उसकी आयु के व्युत्क्रम का योग $\frac{2}{3}$ है। $A$ की वर्तमान आयु है

(A) 7 वर्ष

(B) 4 वर्ष

(C) 5 वर्ष

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

63. $k$ के किस मान के लिए, समीकरण निकाय

$$x - ky = 2 \quad \text{और} \quad 3x + 2y = -5$$

का एक अनूठा हल है?

(A) 1

(B) 2

(C) $-\frac{2}{3}$

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

64. एक वृत्त की त्रिज्या 14 से॰ मी॰ है और एक त्रिज्यखण्ड (सेक्टर) का क्षेत्रफल 102·7 से॰ मी॰ $^2$ है। त्रिज्यखण्ड का केन्द्रीय कोण है

(A) 60°

(B) 45°

(C) 30°

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं


Scanned with OKEN Scanner

**65.** ₹ 15,625 का 16% वार्षिक ब्याज की दर से 9 माह का चक्रवृद्धि ब्याज क्या होगा जबकि ब्याज तिमाही देय है?

(A) ₹ 1,951

(B) ₹ 2,051

(C) ₹ 1,961

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**66.** यदि समीकरण $3kx^2 - 25kx + k + 8 = 0$ के मूलों का गुणनफल 3 हो, तो $k$ है

(A) 4

(B) 3

(C) 1

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**67.** $\log_{\sqrt{2}}(32)$ का मान है

(A) 5

(B) 10

(C) $\frac{5}{2}$

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**68.** एक समकोण त्रिभुज की ऊँचाई, इसके आधार से 6 से॰ मी॰ कम है। यदि अतिभुज (कर्ण) $\sqrt{218}$ से॰ मी॰ है, तो अन्य दो भुजाएँ (से॰ मी॰ में) हैं

(A) 9 और 15

(B) 10 और 16

(C) 5 और 11

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**69.** यदि $\sqrt{\left(1+\frac{27}{169}\right)} = \left(1+\frac{x}{13}\right)$, तो $x$ का मान है

(A) $-\frac{14}{13}$

(B) $-27$

(C) 1

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**70.** किसी धातु के एक ठोस गोले की त्रिज्या 3 से॰ मी॰ है। इससे 4 मि॰ मी॰ व्यास का कितना लम्बा तार खींचा जा सकता है?

(A) 9 मी॰

(B) 9·1 मी॰

(C) 8·8 मी॰

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

71. एक फर्नीचर विक्रेता को 30 कुर्सियों के बेचने पर 6 कुर्सियों के विक्रय मूल्य के बराबर हानि होती है। उसकी प्रतिशत हानि है

(A) $16\frac{1}{3}$

(B) $16\frac{2}{3}$

(C) 16

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

72. दो अंकों की एक संख्या के अंकों का गुणनफल 36 है। यदि संख्या में से 45 घटा दिया जाए, तो अंक आपस में बदल जाते हैं। संख्या है

(A) 73

(B) 49

(C) 84

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

73. यदि $a+b+c=0$, तो $\frac{a^2}{bc}+\frac{b^2}{ca}+\frac{c^2}{ab}$ का मान क्या है?

(A) 2

(B) 3

(C) 1

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

74. $4^{x+1}+4^{1-x}=10$ का हल है

(A) $\frac{1}{2}$

(B) 0

(C) $-\frac{1}{2}$

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

75. $x^3-3x^2+x+2$ को एक बहुपद $g(x)$ से विभाजित करने पर भागफल और शेष क्रमशः $(x^2-x+1)$ और $(-2x+4)$ हैं, तो $g(x)$ है

(A) $x^2+x+1$

(B) $x^2-1$

(C) $x-2$

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

76. एक खिलौना एक शंकु के आकार का है, जो 7 से० मी० व्यास वाले एक अर्धगोले पर चढ़ा हुआ है। खिलौने की कुल ऊँचाई 14·5 से० मी० है, तो खिलौने का आयतन है $\left(\pi=\frac{22}{7}\right)$

(A) 331 से० मी०$^3$

(B) 131 से० मी०$^3$

(C) 231 से० मी०$^3$

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Scanned with OKEN Scanner

77. माता-पिता से संतति में लक्षणों के पहुँचने की प्रक्रिया को कहते हैं

(A) आनुवंशिकता

(B) जीन

(C) रूपान्तरण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

78. ओम के नियम के सत्यापन के लिए ध्यान रखने वाली बात है

(A) एमीटर को श्रेणीक्रम में और वोल्टमीटर को समानांतर क्रम में जोड़ा जाना चाहिए

(B) एमीटर को समानांतर क्रम में और वोल्टमीटर को श्रेणीक्रम में जोड़ा जाना चाहिए

(C) एमीटर और वोल्टमीटर को श्रेणीक्रम में जोड़ा जाना चाहिए

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

79. लोहे के बुरादे में तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल डालने से क्या होता है?

(A) क्लोरीन गैस और आयरन हाइड्रॉक्साइड बनते हैं

(B) कोई प्रतिक्रिया नहीं होती है

(C) हाइड्रोजन गैस और आयरन क्लोराइड का उत्पादन होता है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

80. बाढ़ को रोकने के लिए सबसे उत्तम विधि है

(A) वनारोपण

(B) वनोन्मूलन

(C) चराई

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Scanned with OKEN Scanner

81. खाने के डिब्बों पर जिंक के बजाय टिन की परत चढ़ी होती है, क्योंकि

(A) टिन की तुलना में जिंक का गलनांक अधिक होता है

(B) टिन की तुलना में जिंक अधिक प्रतिक्रियाशील है

(C) जिंक, टिन की तुलना में महँगा है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

82. अंडाशय द्वारा कौन-सा कार्य किया जाता है?

(A) प्रोजेस्टेरोन का स्राव

(B) एस्ट्रोजन का स्राव

(C) डिंब का निर्माण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

83. इमली में कौन-सा अम्ल है?

(A) टार्टरिक अम्ल

(B) लैक्टिक अम्ल

(C) मेथेनॉइक अम्ल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

84. कोलीफॉर्म क्या होते हैं?

(A) गर्म चश्मों में पाए जाने वाले बैक्टीरिया

(B) अति ठंडे वातावरण में पाए जाने वाले बैक्टीरिया

(C) प्राणियों के पाचन नाल में उपस्थित बैक्टीरिया

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

85. विद्युत् विभव को मापने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?

(A) गैल्वेनोमीटर

(B) वोल्टमीटर

(C) पोटेंशियोमीटर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

86. चुंबकीय क्षेत्र है

(A) सदिश मात्रा

(B) आयाम-रहित मात्रा

(C) अदिश मात्रा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Scanned with OKEN Scanner

87. एक व्यक्ति पृथ्वी पर अधिक भार किस स्थिति में धकेल सकता है?

(A) खड़े होने की स्थिति

(B) जमीन पर लेट जाने की स्थिति

(C) बैठने की स्थिति

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

88. प्रिज्म से गुजरने पर सबसे अधिक अपवर्तित होने वाला रंगीन प्रकाश है

(A) बैंगनी

(B) नीला

(C) पीला

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

89. मिट्टी के तेल के बर्तन में बर्फ का एक टुकड़ा डाला जाता है। बर्फ के पिघलने पर मिट्टी के तेल की सतह

(A) गिरेगी

(B) वैसी ही बनी रहेगी

(C) उठेगी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

90. निम्नलिखित में से किसका pH, 7 से अधिक है?

(A) रक्त प्लाज़्मा

(B) सिरका

(C) गैस्ट्रिक जूस

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

91. एक सामान्य नेत्र लेन्स की नाभिक दूरी होती है, लगभग

(A) 25 से० मी०

(B) 2 से० मी०

(C) 1 मि० मी०

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

92. शुष्क बुझे हुए चूने पर क्लोरीन गैस की क्रिया से कौन-सा पदार्थ बनता है?

(A) विरंजक चूर्ण

(B) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल

(C) कैल्सियम क्लोराइड

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Scanned with OKEN Scanner

93. निम्नलिखित में से कौन-सा देश हाल ही में गठित 'I2U2 ग्रुपिंग' का सदस्य है?

(A) इज़राइल

(B) संयुक्त अरब अमीरात

(C) भारत

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

94. 17 मार्च, 2023 को अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आइ० सी० सी०) ने किसके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया?

(A) अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन

(B) चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग

(C) रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

95. तृतीय भारत-प्रशान्त द्वीपीय सहयोग मंच (एफ० आइ० पी० आइ० सी०) शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ था

(A) नामीबिया में

(B) ब्राज़ील में

(C) पापुआ न्यू गिनी में

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

96. रॉवन विल्सन किस शहर के पहले अश्वेत मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए गए हैं?

(A) शिकागो

(B) न्यूयॉर्क

(C) वाशिंगटन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

97. निम्नलिखित में से किस देश की संसदीय समिति ने हाल ही में सिफारिश की है कि भारत को 'नाटो प्लस' समूह का हिस्सा बनाया जाना चाहिए?

(A) यू० एस० ए०

(B) जर्मनी

(C) यू० के०

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

98. अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार, 2023 दिया गया है

(A) मार्गरेट एटवूड को

(B) अरविंद अडिगा को

(C) जॉर्जी गोस्पोडिनोव को

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

99. ट्विटर के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सी० ई० ओ०) कौन हैं?

(A) लिंडा याकारिनो

(B) पराग अग्रवाल

(C) एलोन मस्क

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

100. भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार, बिहार की कुल महिला साक्षरता दर क्या थी?

(A) 63·68%

(B) 53·57%

(C) 52·89%

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

101. सुभद्रा देवी, जिनको 2023 में पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा गया है, जानी जाती हैं

(A) अंतरिक्ष वैज्ञानिक के रूप में

(B) पेपर-मेसी कलाकार के रूप में

(C) वास्तुविद के रूप में

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

102. भारत की संसद के नये भवन के प्रभारी वास्तुकार का नाम क्या है?

(A) पद्मश्री बिमल पटेल

(B) अनूप राय

(C) अरुण गोयल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

103. केवल संविधान सभा के सदस्यों के चुनाव में भाग लेने वाले भारत की वयस्क आबादी के मतदाताओं का प्रभावी प्रतिशत क्या था?

(A) 20 से 25 प्रतिशत

(B) 30 से 35 प्रतिशत

(C) 10 से 15 प्रतिशत

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

104. किस राज्य ने अप्रैल 2023 में ट्रांसजेंडर समुदाय को ओ० बी० सी० का दर्जा दिया है?

(A) मध्य प्रदेश

(B) राजस्थान

(C) तमिलनाडु

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

105. मोहम्मद बिन तुगलक के शासनकाल में भारत आए प्रसिद्ध मुस्लिम खोजकर्ता, इब्न बतूता किस देश के थे?

(A) मोरक्को

(B) इराक

(C) अफगानिस्तान

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

106. हाल ही में, भारत का पहला केबल-स्टे रेल पुल बनाया गया है

(A) उत्तर प्रदेश में

(B) जम्मू और कश्मीर में

(C) हिमाचल प्रदेश में

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

107. भारत का पहला अर्धचालक (सेमीकंडक्टर) निर्माण हेतु प्लांट किस राज्य में स्थापित किया जाएगा?

(A) राजस्थान

(B) बिहार

(C) गुजरात

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

108. 1917 में चंपारण सत्याग्रह के दौरान भारत में गाँधी के जीवन पर पहले ज्ञात प्रयास के पीछे कौन था?

(A) एच० एस० पोलक

(B) इरविन

(C) डॉ० ग्रांट

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Scanned with OKEN Scanner

109. निम्नलिखित में से कौन-सा देश अमेज़न नदी बेसिन का एक हिस्सा है?

(A) चिली

(B) वेनेज़ुएला

(C) अर्जेंटीना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

110. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प पृथ्वी की सतह से शुरू होकर वायुमंडल की परतों का सही क्रम है?

(A) क्षोभमंडल → मध्यमंडल → समतापमंडल → तापमंडल → बहिर्मंडल

(B) क्षोभमंडल → मध्यमंडल → ताप-मंडल → समतापमंडल → बहिर्मंडल

(C) क्षोभमंडल → समतापमंडल → मध्यमंडल → तापमंडल → बहिर्मंडल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

111. स्थानांतरणशील कृषि के स्थानीय नाम और संबंधित देश का सही युग्म है

(A) मिल्पा—रोडेशिया (जिम्बाब्वे)

(B) लदांग—मलेशिया

(C) चेना—बांग्लादेश

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

112. यदि ग्रीनविच में दोपहर के 12 बजे हैं, तो ग्रीनविच के 30° पूर्व में क्या समय होगा?

(A) दोपहर 1 बजे

(B) सुबह 10 बजे

(C) दोपहर 2 बजे

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

113. महासागरीय पर्पटी के मुख्य खनिज घटक क्या हैं?

(A) सिलिका और निकल

(B) सिलिका और मैग्नीशियम

(C) सिलिका और ऐलुमिना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

114. निम्नलिखित में से कौन-सा 'मल्चिंग' शब्द की व्याख्या करता है?

(A) कन्टूर को पत्थरों, घास आदि से ढकना

(B) खड़ी ढालों पर बनी वेदिकाओं (टेरेस) में फसल लगाना

(C) फसलों के बीच खाली ज़मीन को पुआल जैसे जैविक पदार्थ की परत से ढकना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Scanned with OKEN Scanner

**115.** भारत के खनिज तेल (पेट्रोलियम) उत्पादक क्षेत्र और इसकी अवस्थितियों का सही युग्म है

(A) लुनेज क्षेत्र—गुजरात

(B) के० जी० बेसिन—बंगाल की खाड़ी

(C) सूरमा घाटी—असम

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**116.** छोटा नागपुर क्षेत्र के मुंडा और संथाल निम्नलिखित में से किस पेड़ की पूजा करते हैं?

(A) आम

(B) कदम्ब

(C) इमली

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**117.** निम्नलिखित में से किसकी खेती ज़ायद के मौसम में की जाती है?

(A) खीरा

(B) तरबूज

(C) खरबूजा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**118.** भूकंप के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

(A) धरातल पर उद्गम केन्द्र के ऊपर के स्थान को अधिकेन्द्र कहते हैं।

(B) जानवरों के व्यवहार का अध्ययन स्थानीय लोगों द्वारा अपनाई गई भूकंप की भविष्यवाणी के तरीकों में से एक है।

(C) पी-तरंगें, अनुप्रस्थ तरंगें हैं।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**119.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उत्तरी अमेरिका महाद्वीप की लेक सूपीरियर के संबंध में सत्य है?

(A) यह कनाडा और यू० एस० ए० के मध्य भौगोलिक सीमा बनाती है।

(B) यह दोनों देशों के मध्य लगभग 1700 कि० मी० लम्बी सीमा बनाती है।

(C) यह विश्व का खारे जल का सबसे बड़ा झील समूह है।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**120.** आकार और माप में समानता के कारण किस ग्रह को पृथ्वी का जुड़वाँ ग्रह माना जाता है?

(A) बृहस्पति

(B) शुक्र

(C) मंगल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Scanned with OKEN Scanner